कार्यालय आयुक्त भू-अभिलेख मध्यप्रदेश ग्वालियर

क्रमांक | 276 /10परीक्षा/121891/2022 ग्वालियर,दिनांक 3 /10/2022

प्रति,

कलेक्टर,
भू-अभिलेख
जिला-समस्त
मध्यप्रदेश

विषय:- पटवारी Online विभागीय परीक्षा में सम्मिलित होने के संबंध में निर्देश।

विषयांकित लेख है कि-

1- म.प्र. भू-अभिलेख नियमावली भाग-1 अध्याय-2 की कण्डिका-3 में पटवारियों की Online विभागीय परीक्षा आयोजन करने के संबंध में निर्देश है।

2- पटवारियों के लिये शीघ्र ही Online पटवारी विभागीय परीक्षा 2022 आयोजित की जा रही है ।

3- इस परीक्षा मे ऐसे पटवारी ही सम्मिलित होंगे जिनके द्वारा 4 माह सैद्धांतिक प्रशिक्षण (प्रशिक्षण शाला) एवं 2 माह का व्यवहारिक प्रशिक्षण (संबंधित जिला) प्राप्त कर लिया गया है लेकिन पटवारी विभागीय परीक्षा मे सम्मिलित होना शेष है अथवा पूर्व मे आयोजित पटवारी विभागीय परीक्षा मे अनुपस्थित अथवा अनुत्तीर्ण रहे हैं ।

4- इस परीक्षा हेतु निर्धारित शुल्क के भुगतान के संबंध मे निर्देश-

- यदि कोई पटवारी इस परीक्षा मे प्रथम बार सम्मिलित हो रहा है तो इस हेतु संबंधित पटवारी को कोई शुल्क देय नही होगा। इन पटवारियों की परीक्षा संबंधित निर्धारित शुल्क का भुगतान आयुक्त भू-अभिलेख द्वारा देय होगा।
- ऐसे पटवारी जो पूर्व मे आयोजित ऑनलाईन पटवारी विभागीय परीक्षा मे उपस्थित होकर अनुत्तीर्ण रहें हैं तो ऐसे पटवारियों को इस परीक्षा के लिये निर्धारित शुल्क शासन हैड "0029 भू-राजस्व छ: अन्य प्राप्तियॉ" में जमा करना अनिवार्य होगा। उसके बाद ही संबंधित पटवारी को विभागीय परीक्षा मे सम्मिलित किया जाएगा।

Scanned by Scanner Go

Scanned with OKEN Scanner

- ऐसे पटवारी जो पूर्व मे आयोजित ऑनलाईन पटवारी विभागीय परीक्षा मे अनुपस्थित रहे हैं तो इन पटवारियों की परीक्षा संबंधित निर्धारित शुल्क आयुक्त भू-अभिलेख द्वारा देय होगा।

5- उपरोक्तानुसार जिलों मे पदस्थ पटवारियों की जानकारी निम्न प्ररूप में भेजें।

क्र.	पटवारी का नाम	पिता का नाम	यूनिक कोड	जन्म दिनांक	पदस्थापना जिला	नियुक्ति का तरीका (1.पटवारी भर्ती परीक्षा 2017 अथवा 2.अनुकंपा नियुक्ति अथवा 3.मान. न्यायालयीन प्रकरण के फलस्वरूप)	पूर्व परीक्षा मे सम्मिलित होने संबंधी जानकारी 1. नवीन पटवारी अथवा 2. अनुत्तीर्ण पटवारी अथवा 3. पूर्व परीक्षा मे अनुपस्थित पटवारी

अत: चाही गई जानकारी शीघ्र कार्यालयीन ईमेल आई.डी.- clrexam@mp.gov.in पर भेजना सुनिश्चित करें।

(आयुक्त भू-अभिलेख द्वारा अनुमोदित)

उप-आयुक्त
भू-अभिलेख
मध्यप्रदेश

पृ.क्रमांक 1276/10परीक्षा/121891/2022 ग्वालियर,दिनांक 3/10/2022

प्रतिलिपि:-

प्रमुख सचिव म0प्र0 शासन राजस्व विभाग भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ।

उप-आयुक्त
भू-अभिलेख
मध्यप्रदेश

Scanned by Scanner Go

Scanned with OKEN Scanner